हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 27 जून 2024

06 35 फीट चौड़ा बन रहा नगर के मध्य से मार्ग, एक...



07 विकास कार्य न होने पर पार्षदों ने जताई नाराजगी...





## खबर संक्षेप

### रोजगार मेला : 3 कंपनी सहभागिता निभाएंगी

**नर्मदापुरम।** कार्यालय जनपद पंचायत नर्मदापुरम प्रांगण में रोजगार मेला का आयोजन 28 जून को किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सौजान सिंह रावत ने उक्त ²रोजगार मेला² के सुचारू आयोजन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व निर्वहन किये जाने हेतु ड्यूटी लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोजगार मेला में विभिन्न कंपनी सहभागिता करेंगी।

### जन्म मृत्यु पंजीयन के पोर्टल का प्रशिक्षण आज

**नर्मदापुरम।** जन्म-मृत्यु पंजीयन के पोर्टल का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागृह में गुरुवार को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा । जिला योजना अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया है कि कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार जन्म - मृत्यु नर्मदापुरम की अध्यक्षता में जन्म-मृत्यु पंजीयन (संशोधन) अधिनियम 2023 एवं जन्म-मृत्यु पंजीयन के पोर्टल (नवीन पोर्टल) के संबंध में नर्मदापुरम जिले में जनगणना निदेशालय भोपाल के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण 27 जून दिन गुरुवार समय दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागृह में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के जन्म-मृत्यु पंजीयन के रजिस्ट्रार एवं प्रबंधक, प्राइवेट हॉस्पिटल तथा संबंधित प्रभारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहेंगे।

### कलेक्टर ने किया नगर के प्रमुख बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

# बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन हुआ मुस्तैद, नालों से हटेगा अतिक्रमण

वर्षाकाल में जिला मुख्यालय के निचले क्षेत्रों में बैकवॉटर रहवासियों के लिए परेशानी बनती है जिससे निचले क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात होने के कारण लोगों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। जिला प्रशासन ने ऐंसे क्षेत्रों को सुरक्षित बनाने के लिए बड़े नालों पर किये गये अतिक्रमण को हटाने की कवायद शुरू कर दी है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

बैकवाटर की वजह से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित होने से एक ओर जहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं आर्थिक नुकसान भी भुगतना पड़ता है। ऐंसी स्थिति से निपटने के लिए बुधवार को कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना द्वारा नगर एवं नगर के समीप बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने कहा है की जब तक संभव हो सके एवं भारी बारिश कार्य में बाधाएं उत्पन्न ना करे तब तक कार्य सुचारू रखें। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि शहर के मुख्य नालों पर अवैध रूप से किए गए निर्माण को प्रभावी कार्यवाही करते हुए हटवाया जाए एवं नालों की साफ सफाई भी नियमित रूप से करवाए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट असवान राम चिरामन, एसडीओपी पराग सैनी, आदि अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर द्वारा खोजनपुर में नर्मदा नदी के बैक वाटर के कारण शहर के अंदर जिन क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति बनती हैं वहां का निरीक्षण किया।

निरीक्षण दौरान उन्होंने ग्राम ग्वाडी घाट, बुधनी, सीहोर जिले में जाकर नर्मदा नदी के बैक वाटर के कारण उत्पन्न होने वाली जल भराव की स्थिति को देखा एवं इस संबंध में ग्राम वासियों से चर्चा की। कलेक्टर ने ईई जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि उक्त संबंध में एनवीडीए तथा शासन को उक्त समस्या के निराकरण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजे।

### वर्ष 1973 जैसी बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारी



वर्ष 1973 में नर्मदा तट स्थित होम साइंस कालेज के पास पिचिंग में आई दरार से शहर में बाढ़ का पानी भर जाने से शहर का अधिकांश हिस्सा जल में डूब गया था। जिससे भयाभय स्थिति निर्मित हो गई थी। विषम स्थिति में लोगों को राहत देने के लिए जिला प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस बार बाढ़ आपदा से शहर में लोगों को नुकसान न हो इसके लिए नर्मदा तट की पिचिंग का मरम्मतीकरण कार्य किया गया। लेकिन कुछ दिनों इस कार्य में विराम लगने के कारण लोगों में चिंता बनी हुई है। बुधवार को कलेक्टर ने शासकीय होम साइंस कॉलेज के पीछे नर्मदा नदी के तट पर प्रगतिरत पिचिंग कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है

# तीखी धूप के बाद शाम की बारिश ने बढ़ाई उमस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

जिला मुख्यालय पर अल सुबह से ही सूर्यदेव के तीखे तेवर होने के कारण दिन भर लोगों को धूप की चुभन और गर्मी ने परेशान कर दिया तो वहीं शाम को हुई बारिश से बढ़ी उमस से भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। दिन में शहर का तापमान 38.4 डिग्री सेल्सीयस दर्ज किया गया तो वहीं रात में तापमान 27.0 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम के गर्म मिजाज का लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। चिकित्सकों का मानना है कि अधिक गर्मी के कारण लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत बढ़ रही है तो वहीं छोटे बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों को मानसून का बेसब्री से इंतजार है ताकि गर्मी से राहत मिल सके। जिले की दैनिक वर्षा की जानकारी

### अब तक 68.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

26 जून को प्रातः 8 बजे तक जिले में 68.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 27 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 26 जून को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 0.2 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 17, इटारसी 21.4, माखननगर में निरंक, सोहागपुर में निरंक, बनखेड़ी 9.2, पचमढ़ी में 1 एवं डोलरिया तहसील में 12.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है। मौसम विभाग ने एक दो दिनों में मानसून के सक्रिय होने का अनुमान जताया है। फिलहाल राज्य के अन्य जिलों में मानसून सक्रिय हुआ है लेकिन नर्मदापुरम जिले में मानसून का इंतजार बना हुआ है।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत एक वर्ष की बेटियों का मना जन्मोत्सव

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नर्मदापुरम शहरी परियोजना अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बालिका जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन वार्ड क्रमांक 28 के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 28 /03 पर आयोजित हुआ, जिसमें वार्ड 28 की माह जून में 1 वर्ष पूर्ण करने वाली बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाकर बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु वार्ड वासियों से चर्चा की गई एवं बालिका जन्म को उत्सव के रूप में व बेटियों को भी बेटों के बराबर शिक्षा स्वास्थ्य प्रदान करें इत्यादि के संबंध में पर्यवेक्षक आशा भदौरिया द्वारा परामर्श प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी प्रीति यादव, पर्यवेक्षक आशा भदौरिया सहित कार्यकर्ता सहायिका हितग्राही उपस्थित रहे।

## रैली निकालकर दिया जा रहा नशामुक्ति का संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

जिले में 15 जून से 30 जून तक नशा मुक्ति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नर्मदापुरम डॉ. बबीता राठौर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर बुधवार 26 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजन नेहरू पार्क के सामने किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्परिणामों से जनसामान्य को अवगत कराया गया है। शासकीय कलापथक दल द्वारा गीत के माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया। इसके पश्चात नेहरू पार्क से नशा मुक्ति अभियान के परिप्रेक्ष्य में जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली नेहरू पार्क से सतरस्ता, इंदिरा चौक, गांधी चौक से होते हुए रैली का समापन नेहरू पार्क पर हुआ। रैली में आमजन सहित महिला एवं बाल विकास अधिकारी ललित डेहरिया, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ओमप्रकाश गौर, समाजसेवी डॉ. अतुल सेठा, अखिल भारतीय गायत्री परिवार के सदस्यगण सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता निभाई।

## जांच हेतु खाद्य पदार्थो के 6 नमूने लिए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर एवं प्राप्त शिकायतों के आधार पर बुधवार 26 जून को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार एवं जितेंद्र सिंह राणा की टीम ने मनोहर श्री रेस्टोरेंट एवं वल्लभ भोग रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम को संदेह होने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य पदार्थों के 06 नमूने जांच हेतु लिए गए है। मनोहर श्री रेस्टोरेंट की जांच कर 04 नमूने समोसा, नमकीन, फ्लेवर्ड मिल्क 02 तथा वल्लभ भोग होटल में निरीक्षण उपरांत पनीर एवं बेसन के नमूने लिए गए। सभी नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे है।

## पीएम आवास के 9 वर्ष पूरे होने पर हुए आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निर्देशन पर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हिमेश्वरी पटेल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की नौवीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। नियाश्रित लोगो के लिए मकान उपलब्ध कराए गए उनके जीवन शैली में होने वाले बदलाव एवं उनके अनुभव को साझा किया। नगर पालिका में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में चित्रकला पेंटिंग आदि कार्यक्रम भी संपन्न हुए। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास का लाभ पात्र हितग्राही को देना लक्ष्य एवं संकल्प है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार पात्र हितग्राही को निष्पक्ष लाभ दिलाने का कार्य किया जा रहा है।

## गोशाला में शिफ्ट हो रहे हैं सड़क पर विचरण करते पशु



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा नगर में घूम रहे बेसहारा मवेशियों को गौशाला में छोड़ा जा रहा है। नागरिकों की सुविधा हेतु नगरपालिका हाका दल द्वारा कोठी बाजार, आयुक्त कार्यालय, मालाखेड़ी चौराहा, रायपुर रोड, बांद्राभान रोड से 27 सांड /गाय को पशु वाहन में पकड़ कर गोशाला में छोड़ने की कार्रवाई की गई। हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशानुसार शहर में आवारा मवेशियो को पकड़ कर हाऊसिंग बोर्ड फिल्टर प्लांट गोशाला में छोड़ने की कार्रवाई की जा रही है जो कि निरंतर चलती रहेगी। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा पशुपालकों से अपील की गई है कि वे अपने पशुओं को घर मे बांध कर रखें। पशु सड़क पर घूमते हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है।

## नर्मदापुरम संभाग की फुटबॉल टीम रही उपविजेता



**नर्मदापुरम।** छतरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में नर्मदापुरम संभाग की शासकीय सीएम राइज आर एन ए उ. मा. विधालय पिपरिया टीम उपविजेता रही। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में हुए शानदार फाइनल मुकाबले में जनजाति विभाग जबलपुर संभाग की टीम विजेता बनी वही नर्मदापुरम टीम उपविजेता रही। बताया गया कि टीम की कप्तान आकांक्षा नायर ने टीम के साथ उपविजेता की ट्रॉफी प्राप्त की। इस अवसर पर टीम के कोच सचिन पुर्विया एवं कंचन पचौरी, संस्था के प्राचार्य व स्टाफ ने टीम के बढ़िया प्रदर्शन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ

नर्मदापुरम। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, नई दिल्ली एवं आर.सी.वी.पी. नरोन्हा अकादमी, भोपाल के सहयोग से सेवोत्तम प्रकोष्ठ के अंतर्गत नागरिको को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से मप्र लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010, सी.एम.हेल्प लाइन एवं शिकायत निवारण हेतु दो दिवसीय जिला स्तरीय सेवोत्तम प्रशिक्षण का आयोजन शुरू किया गया।

## 45 दिन में स्थानीय युवाओं द्वारा किया जाएगा डिजिटल क्रॉप सर्वे

### वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से की गई राजस्व कार्यो की समीक्षा




हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

प्रमुख सचिव श्रीनिकुंज श्रीवास्तव द्वारा बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व विभाग एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा की गई। प्रमुख सचिव ने डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण द्वारा मानव एवं आधुनिक तकनीक से खरीफ 2024 की गिरदावरी हेतु दिशा-निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने बताया कि स्थानीय युवाओं द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण किया जाएगा। स्थानीय युवा 45 दिन में सर्वे कर मोबाइल ऐप में पार्सल जियो फेस से खेत में उपस्थित होकर आधुनिक तकनीक से फसल की फोटो लेकर मोबाइल ऐप पर डालेंगे। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण में मानव एवं आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा। ऐप से लिए गए फोटो से फसल की पहचान की जाएगी। जिसका सत्यापन तहसीलदार एवं पटवारी करेंगे। बताया गया कि डिजिटल क्राप सर्वेक्षण करने के लिए स्थानीय युवक को निकटतम ग्राम पंचायत का निवासी होना चाहिए। उसके पास एंड्राइड वर्जन 6 प्लस वाला स्मार्ट फोन जिसमें इंटरनेट की सुविधा अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। स्थानीय सर्वेयर की आयु 18 से 40 वर्ष एवं वह कक्षा 8वीं उतीर्ण होना चाहिए।

प्रमुख सचिव ने डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण द्वारा मानव एवं आधुनिक तकनीक से खरीफ 2024 की गिरदावरी हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि भू-लेख पोर्टल पर स्थानीय युवा (सर्वेयर) का पंजीयन कर सारा एप के माध्यम से फसल सर्वेक्षण कार्य मोबाइल से किया जाएगा। सर्वेयर लॉगिन करने के उपरांत आवंटित ग्राम / सर्वे नंबर का डाटा डाउनलोड कर सर्वेक्षण का डाटा पार्सल लेवल जियो फेंस के माध्यम से खेत में प्रत्येक फसल का फोटो लेकर अपलोड कर सकेगा। सर्वेयर द्वारा भरी गई जानकारी तथा सैटेलाइट इमेज से प्राप्त जानकारी का सत्यापन पटवारी (सुपरवाइजर) द्वारा किया जाएगा। सुपरवाइजर द्वारा असहमत होने पर पुनरावलोकन एवं सर्वेक्षण हेतु डेटा स्थानीय युवा (सर्वेयर) को भेजा जाएगा। प्रमुख सचिव ने स्पष्ट किया कि जांच अधिकारी द्वारा 20% ग्रामों के खसरे की जांच की जाएगी। वेरिफाय (तहसीलदार) द्वारा प्रत्येक ग्राम के 1% विसंगति खसरों का वेरिफिकेशन किया जाएगा। सर्वेयर पंजीयन कार्य 10 जुलाई 2024 से शुरू होगी, किसान द्वारा गिरदावरी कार्य 01 अगस्त 2024 से 15 सितम्बर 2024 तक किया जा सकेगा। किसान असहमत होने पर दावा/आपत्ति ऑनलाइन सारा एप के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है।

जिसका निराकरण पार्सल

### जिपं सीईओ द्वारा किया गया नर्मदा पथ की पंचायतों का भ्रमण

# नर्मदा परिक्रमा पथ पर होगा पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोहागपुर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत द्वारा 26 जून को जिले की जनपद पंचायत बनखेडी, पिपरिया एवं सोहागपुर की नर्मदा किनारे वाली ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया गया एवं नर्मदा परिक्रमा पथ के किनारे होने वाले पौधरोपण के लिए चयनित स्थलों का निरीक्षण किया गया। बाढ की स्थिति में ग्रामीणों हेतु बनाये गये बाढ केन्द्रों एवं मनरेगा अंतर्गत बनाई गई गोशालाओं का निरीक्षण भी किया गया।

सीईओ जिला पंचायत नर्मदापुरम रावत द्वारा जनपद पंचायत बनखेडी की ग्राम पंचायत उमरधा, जनपद पंचायत पिपरिया की ग्राम पंचायत खैरा, सांडिया, सहलवाडा, सिवनी एवं जनपद पंचायत सोहागपुर की ग्राम पंचायत माछा, अजेरा, शोभापुर, अकोला का भ्रमण किया गया। सीईओ श्री रावत द्वारा बताया गया कि जिले में जनपद पंचायत बनखेडी की ग्राम पंचायत उमरधा से जनपद पंचायत सिवनी मालवा की ग्राम पंचायत उमरिया तक नर्मदा नदी का प्रवाह है। नर्मदा नदी परिक्रमा पथ धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्राकृतिक महत्व के स्थल भी हैं। अतः परिक्रमा पथ के दोनों ओर पौधरोपण होगा तो परिक्रमा वासियों को को पर्याप्त छाया एवं फल उपलब्ध हो सकेंगे। इस हेतु जिले में मनरेगा योजना से परिक्रमा पथ के दोनों ओर सडक किनारे पौधरोपण एवं पथ के समीपस्थ लगे कृषकों के खेतों पर फलोदयान विकसित किये जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही धार्मिक महत्व के स्थलों पर नक्षत्र वाटिका एवं मियावाकी पध्दति से सघन पौधरोपण भी करवाया जायेगा।



इस अभियान हेतु जिले में तकनीकी दल भी बनाया गया है जिसके द्वारा सतत भ्रमण कर पूरे परिक्रमा पथ की जीआईएस मैपिंग की जा रही है एवं कार्यों का चिन्हांकन किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान सीईओ रावत द्वारा नर्मदा किनारे की पंचायतों में बाढ की स्थिति में ग्रामीण हेतु बनाये गये राहत केन्द्रों का भी निरीक्षण किया गया एवं ग्राम पंचायतों के उचित व्यवस्था हेतु निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायत उमरधा, शोभापुर, अकोला में मनरेगा अंतर्गत निर्मित गोशालाओं का निर्माण किया गया ओर बताया गया कि गोशालाओं में क्षमता अनुसार गौवंश रखा जाए जहां 100 से कम गोवंश पाये गए वहां पर तत्काल मुख्य मार्गों से निराश्रित गौवंश को परिवहन कर गोशालाओं तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### 3 दिन में 1.65 लाख को पिलाई पोलियो की दवा

**बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिले में 23 जून से 25 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रविकांत उइके ने बताया कि मात्र तीन दिनों में ही पल्स पोलियो अभियान के तहत अनुमानित लक्ष्य 1 लाख 68 हजार 416 के विरूद्ध कुल 1 लाख 64 हजार 874 (97 प्रतिशत )बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। जिसमें आमला में 21 हजार 625, आठनेर 9 हजार 722, बैतूल शहरी 10 हजार 260, ग्रामीण 17 हजार 668, भैंसदेही 14 हजार 901, भीमपुर 18 हजार 895, चिचोली 11 हजार 269, घोड़ाडोंगरी 21 हजार 815, मुलताई 13 हजार 958, प्रभातपट्टन 13 हजार 818, शाहपुर में 10 हजार 943 बच्चे शामिल है।

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक आज होगी

**सीहोर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में 27 जून को दोपहर 3 बजे आयोजित की गई है। बैठक में कृषि विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिम जाति कल्याण विभाग की समीक्षा एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### पार्किंग समस्या से निपटने इंतजाम नहीं

**सीहोर।** बाजार में खरीदारी करने जाते समय आपको सड़कों पर खड़ी गाड़ियों की वजह से कई बार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि बड़ा बाजार सहित कई इलाकों में पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं की गई है। शहरवासियों को मजबूरन अपनी गाड़ियों को दुकान एवं किसी घर और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बाहर खड़ी करना पड़ रही है। शहर में बढ़ती यातायात एवं पार्किंग समस्या से निजात दिलाने का प्रयास प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया है। जिसका खामियाजा सीहोर शहर के लोगों को उठाना पड़ रहा है। समस्या से अवगत होने के बावजूद जिम्मेदारों द्वारा इसका समाधान पिछले कई वर्षों से नहीं निकाला।

### सीहोर थाने में लगाया गया जांच शिविर

**सीहोर।** जिले के सीहोर थाने में जांच शिविर कैंप का आयोजन किया गया। सीहोर थाना प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि कैंप में थाने में तैनात सभी कर्मचारियों के लिए निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ईसीजी, बीपी व शुगर की जांच तथा डाइट का चार्ट भी कर्मचारियों को दिया गया साथ ही डाइटिशियन के द्वारा कर्मचारियों को अपने खान-पान व रहन-सहन के लिए भी ध्यान देने के लिए कहा गया। साथ ही समय पर योग क्रिया करते रहने के लिए भी बताया गया।

### ट्रांसफार्मर खराब: 1912 पर करें शिकायत

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है की मानसून सीजन के दौरान आंधी, बारिश एवं अन्य व्यवधान के कारण वितरण ट्रांसफार्मर फेल होने की शिकायतें 1912 पर दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं के पास विद्युत ट्रांसफार्मर व्यवधान संबंधी शिकायतों को दर्ज कराने के लिए कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 विकल्प मौजूद है।

---

बैतूल रोड नेशनल हाईवे जोड़ से प्रमंडल होते हुए नगर के मध्य से गुजरने वाले मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ

# 35 फीट चौड़ा बन रहा नगर के मध्य से मार्ग, एक करोड़ 50 लाख से होगा 1 किलोमीटर चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

लोक निर्माण विभाग के माध्यम से बैतूल रोड नेशनल हाईवे जोड़ से प्रमंडल होते हुए नगर के मध्य से गुजरने वाले मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है ।1 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से 1 किलोमीटर लंबा एवं लगभग 35 फीट चौड़ा बनने वाला यह मार्ग नगर वासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है।

क्योंकि फोरलेन से मुलताई आने के लिए जैसे ही वाहन इस संकरे मार्ग पर पहुंचते हैं यहां दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है यहां आए दिन दुर्घटना होती रहती है। जिसको लेकर नागरिक लंबे समय से चौड़े रोड निर्माण की मांग करते आ रहे थे। माना जा रहा है कि उक्त मार्ग निर्माण के बाद इस क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं पर विराम लगेगा। लोक निर्माण से मिली जानकारी के अनुसार रोड निर्माण का ठेका राही कंस्ट्रक्शन नागपुर को दिया गया है और ठेकेदार ने मुरमीकरण एवं चौड़ीकरण से कार्य प्रारंभ कर दिया है।



#### इनका कहना

हमारा प्रयास है कि नगर के मध्य से गुजरने वाला बैतूल रोड निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। निर्माण कार्य मे पारदर्शीता हो और गुणवत्ता पूर्ण कार्य हो सके। इसके लिए लोक निर्माण विभाग सतत निर्माण की मॉनीटरिंग कर रहा है।

आर डी कलमकार
उप यंत्री लोक निर्माण विभाग मुलताई

#### ऐसे बनेगा बैतूल रोड मार्ग



नगर के मध्य से गुजरने वाला बैतूल रोड प्रमुख मार्ग निर्माण के बाद लगभग 35 फीट चौड़ा होगा ।जिसका डामरीकृत भाग 7 मीटर यानी लगभग 23 फीट एवं दोनों ओर 1.86 सेंटीमीटर अर्थात 6.15 फिट की दोनों ओर दो साइडिंग होगी। कुल मिलाकर 23 फीट डामरीकृत मार्ग एवं 12.30 फीट साईनडिंग का निर्माण किया जाना है जो कि कुल 35 फीट चौड़ा होगा। पहले भाग में मुरमीकरण कर चौडी करण किया जा रहा है जिसका कार्य प्रारंभ है। इसके बाद पुराने डामरीकरण भाग को उखाड़ कर 10 सेंटीमीटर मोटाई मे संपूर्ण 35 फीट चौड़े भाग में गिट्टीकरण किया जाएगा। इसके बाद 7 मीटर डामरीकृत भाग में 22 सेंटीमीटर डब्लुएमएम लेयर डाली जाएगी। इसके बाद 7 मी मार्ग के मध्य भाग में 5 सेंटीमीटर की एक और दूसरी तीन सेंटीमीटर की लेयर डाली जाएगी।

#### शेष भाग के डामरीकरण के लिए की गई निविदा आमंत्रित

परमंडल जोड़ से नगर के मध्य से गुजरने वाले मुख्य मार्ग को नगर का आधार माना जाता है जिसकी कुल लंबाई 5.8 किलो मीटर है जिसमें से 1 किलोमीटर का चौड़ीकरण किया जा रहा है। शेष 4.2 8 किलोमीटर का डामरीकरण किया जाना है जिसके टेंडर लोक निर्माण विभाग ने निकाले हैं किंतु अभी यह टेंडर प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी है। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह तक यह आमंत्रित निविदा की टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण हो जाएगी। किंतु बड़ा प्रश्न यह है कि एक किलोमीटर चौड़ीकरण और शेष भाग के डामरीकरण से क्या मुख्य मार्ग की समस्याओं का समाधान हो सकेगा..? तो नगर वासियों का मानना है कि नहीं..! जनप्रतिनिधियों को मुलताई नगर की आर्थिक गतिविधियों को आकार देने के लिए और मुख्य मार्ग को आम व्यक्ति के लिए सुलभ बनाने के लिए यह आवश्यक है कि 1 किलोमीटर चौड़ीकरण के बाद परमंडल से कामथ तक 4.8 किलोमीटर का भी चौड़ीकरण किया जाए।

---

मंडी में किसानों को कम दाम मिले रहे

# 24 जून से होना था मूंग खरीदी अब तक केंद्र ही नहीं बन सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



प्रदेश शासन ने समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी 24 जून से करने के आदेश दिए थे। इसके विपरीत जिले में अभी तक खरीदी केन्द्र ही नहीं बनाए जा सके हैं। ऐसे में किसान खरीदी प्रारंभ नहीं होने से मंडी में उपज बेचने के लिए मजबूर है। मंडी में किसानों को कम दाम मिले रहे हैं और नुकसान उठाना पड़ रहा है। शासन ने आदेश जारी किए हैं कि 24 जून से 31 जुलाई तक समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी की जाएं। शासन के आदेश 24 जून खरीदी प्रारंभ करने के है, लेकिन जिले में खरीदी प्रारंभ होना तो दूर अभी तक खरीदी केन्द्र ही नहीं बनाए गए हैं। कृषि विभाग अब जाकर खरीदी केंद्र बनाने में लगा हुआ है। शासन के आदेश आने के पहले ही खरीदी केंद्रों को चिन्हित करके रखना था, लेकिन जिले में एक भी केंद्र चिन्हित नहीं किया। अब जब शासन के आदेश आए तो समय पर खरीदी शुरू नहीं हो पाई। किसान कई दिनों से खरीदी की राह देख रहे हैं। समर्थन मूल्य पर मूंग की उपज बेचने के लिए 3600 किसानों ने पंजीयन किया है। किसान खरीदी प्रारंभ होने की राह देख रहे हैं। जिले में अभी तक खरीदी प्रारंभ नहीं हो सकी। अधिकारियों का कहना है कि इस बार भी बड़ी संख्या में किसानों ने पंजीयन किया है।

#### 8550 रुपए क्विंटल होगी मूंग की खरीदी

जानकारी के मुताबिक समर्थन मूल्य में 8 हजार 550 रुपए क्विंटल के हिसाब से मूंग की खरीदी की जाएगी। जबकि कृषि उपज मंडी में मूंग के दाम 7 हजार 400 रुपए से लेकर 7 हजार 500 रुपए चल रहे हैं। ऐसे में किसान को प्रति क्विंटल पर लगभग 900 से 1000 रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान मंडी के बजाय में समर्थन मूल्य में उपज बेचते है तो उन्हें फायदा मिलेगा, लेकिन किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य में खरीदी प्रारंभ नहीं हो सकी। इस बारे में कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शासन की तरफ से आदेश 24 जून की रात को आए हैं। जल्द ही खरीदी केन्द्र बनाकर खरीदी प्रारंभ कर दी जाएगी।

---

# महीनों बाद भी अभिलेख दुरुस्त नहीं पटवारी पर गिरी निलंबन की गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शाहपुर एसडीएम ने अभिलेख दुरूस्त न करने पर एक पटवारी को सस्पेंड कर दिया है। इस मामले में आवेदक ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर शिकायत की थी। पटवारी ने छह महीने में भी नायब तहसीलदार चोपना द्वारा पारित आदेश पर अमल नहीं किया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायतकर्ता मोहबत पिता मकडु तुमडाम ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर इस संबंध में शिकायत की थी। शिकायत के अनुसार न्यायालय नायब तहसीलदार चोपना के राजस्व प्रकरण क्रमांक 03771-6.2022-23 में पारित आदेश 19 जनवरी 2024 के अनुसार हल्का पटवारी प्रियेश नामदेव द्वारा अभिलेख दुरुस्त नहीं किया गया था। उक्त के संबंध में एसडीएम कार्यालय शाहपुर द्वारा 25 जून को ही पटवारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। जिसमें प्रियेश नामदेव के द्वारा जवाब प्रस्तुत किया जो संतोषजनक नहीं पाया गया। तहसीलदार घोडाडोंगरी के प्रतिवेदन अनुसार पटवारी प्रियेश नामदेव हल्का पटवारी मालवर के द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमांक.0377.3-6.2022-23 में पारित आदेश दिनांक 19 जनवरी के आदेश पर आज तक अमल नहीं किया गया है। नामदेव के द्वारा भू-राजस्व वर्ष 2024-25 की वसूली जमा भी नहीं की गई है। प्रियेश नामदेव की कार्यशैली संतोषजनक नहीं होने के कारण निलंबन की कार्यवाही किये जाने प्रतिवेदित किया है। तहसीलदार घोड़ाडोंगरी के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए पटवारी को उक्त कृत्य शासन व वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश, निर्देश के पालन में उदासीनता, लापरवाही प्रथम दृष्टया स्पष्ट होने से म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत प्रियेश नामदेव पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में पटवारी का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहपुर नियत किया जाता है। निलंबित पटवारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

---

# पुलिस ने 7 साल से गुम पति को पत्नी व बेटी से मिलवाया



**बैतूल।** थाना कोतवाली में प्रार्थिया विमल पति संजय उर्फ बंटी ढोरे निवासी देशबंधु वार्ड टिकारी बैतूल ने दिनांक 23.05.2017 को उसका पति संजय उर्फ बंटी ढोरे उम्र 30 वर्ष का घर से बिना बताए कहीं चले जाने की रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज कराई थी। थाना कोतवाली में दर्ज गुम इंसान क्रमांक 85-2017 की जांच के दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा 7 वर्ष बाद आखिर कर अपनी पत्नी व बच्ची से उसके पिता को मिलवा दिया। मुखबिर से थाना कोतवाली में सूचना मिली कि गुम इंसान को बैतूल बाजार क्षेत्र में देखा गया है। जानकारी पर बुधवार को थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा टीम को रवाना किया गया और ग्राम सोहागपुर बैतूल बाजार क्षेत्र से उप निरी दबंग एवं लीडर नितिन उइके व थाने की टीम द्वारा गुम इंसान संजय उर्फ बंटी ढोरे उम्र 37 वर्ष को दस्तयाब कर 7 साल बाद उसकी पत्नी और बेटी के सुपुर्द किया गया।

---

ई-रिक्शा की प्रतिस्पर्धा और महंगाई से परेशान

# ऑटो चालक यूनियन की मांगों को लेकर कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ऑटो चालक एकता यूनियन सीटू के तत्वावधान में बैतूल के ऑटो चालकों ने 25 जून को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। यूनियन के संरक्षक कामरेड कुन्दन राजपाल, अध्यक्ष मनोहर आठनकर, कार्यकारी अध्यक्ष अमित तिवारी और महासचिव शेख वकील के नेतृत्व में ऑटो चालकों ने बैतूल शहर में ई-रिक्शा चालकों द्वारा उत्पन्न समस्याओं और अन्य मुद्दों पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।

शिवाजी चौक से रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पहुंची यूनियन ने ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर यूनियन के उपाध्यक्ष संजय आठनकर, रसीद खान, कोषाध्यक्ष मोहम्मद रफीक, सहायक महासचिव हरदीपसिंग हिचप्राणी, मंगल प्रसाद आर्य, संतोष परिहार, पुष्पेन्द्र श्रीवास, धनराज



पन्डागरे, शेख इस्माइल, विजय राठौर, नितिन लहाटे, अमित जैसवाल, महेश सूर्यवंशी, शिवप्रसाद पवार, शाहरुख खान सहित ऑटो चालकों ने हिस्सा लिया।ऑटो चालक यूनियन ने प्रशासन से उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की अपील की है ताकि उनका व्यवसाय प्रभावित ना हो और वे अपनी आजीविका को सुचारू रूप से चला सकें। यूनियन ने स्पष्ट किया है कि अगर उनकी मांगों पर जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

---

# खेत के 50 फीट गहरे कुएं में गिरा मोर, सर्प मित्र ने निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

बाड़ेगांव के समीप एक खेत के 50 फीट के गहरे कुएं में एक मोर गिर गया था। जिसका रेस्क्यू सर्प मित्र ने किया है। रेस्क्यू के बाद जब सर्पमित्र को यह पता चला कि मोर के एक पैर में चोट लगी है तो वह उसे वन विभाग के कार्यालय ले आए। जहां उसका उपचार डॉक्टर द्वारा किया जाएगा। स्वस्थ होने पर मोर को जंगल में छोड़ दिया जाएगा। सर्पमित्र श्रीकांत विश्वकर्मा ने बताया कि उन्हें बाड़ेगांव के समीप से मुकेश नामक किसान का फोन आया था। जिसके बाद वे तुरंत मौके पर पहुंचे और रस्सी के माध्यम से कुएं में उतरे और उन्होंने लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद मोर का रेस्क्यू किया। बाहर



लाकर मोर को जंगल में छोड़ रहे थे, लेकिन मोर चल नहीं पा रहा था। जिसके कारण वह उसे तुरंत ही मोटरसाइकिल के माध्यम से मुलताई के वन विभाग कार्यालय जहां उन्होंने मोर को वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया। यहां मोर के पैर का उपचार किया जाएगा और उसे बाद में जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

---

महारानी के चित्र पर माल्यार्पण कर जीवन चरित्र का किया गया वाचन

# राम पंचायत कौड़ी में मनाया महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ग्राम पंचायत कौड़ी सेक्टर क्रमांक 15 में गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महारानी दुर्गावती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया एवं उनके जीवन चरित्र का वाचन किया गया। महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम के समस्त गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पूर्व जनपद सदस्य दारासिंग सलामे, दसन मर्सकोले, नहालसिंह सलामे, जगदीश सलामे, सहांगू सलामे, प्रतापसिंह सिंगारे, झामसिंग मर्सकोले, आसाराम मर्सकोले, रामबिलास मर्सकोले, देवीसिंग मर्सकोले, और मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष बैतूल मुन्नालाल वाडिवा जैसे प्रमुख



व्यक्तित्व इस अवसर पर शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महारानी दुर्गावती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पूजन के साथ हुई। इसके बाद, उपस्थित नागरिकों ने महारानी के जीवन और उनके बलिदान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। महारानी दुर्गावती की वीरता और प्रशासनिक क्षमता को सराहा गया और उनके योगदान को याद किया गया। महारानी दुर्गावती का जीवन चरित्र वाचन कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा था, जिसमें उनके जीवन की प्रमुख घटनाओं और उनकी वीरता की कहानियों को साझा किया गया। रानी दुर्गावती का गोंडवाना साम्राज्य में शासनकाल और उनके संघर्षों की प्रेरणादायक कहानियों ने सभी को प्रभावित किया।कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने महारानी दुर्गावती के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महारानी का जीवन हमें नारी शक्ति, साहस और बलिदान की महत्वपूर्ण सीख देता है। समाज को उनकी वीरता और त्याग से प्रेरित होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। इस आयोजन के समापन पर सभी गणमान्य नागरिकों ने मिलकर महारानी दुर्गावती के बलिदान को नमन किया और उनकी स्मृति में संकल्प लिया कि वे उनकी विरासत को जीवित रखेंगे और समाज में एकता और साहस का संदेश फैलाएंगे। मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष बैतूल मुन्नालाल वाडिवा ने कहा महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस का यह आयोजन गोंड वंश गौरव और गोंडवाना साम्राज्य की धरोहर को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा।

---

एमपी लीग टी-20 में जबलपुर की टीम से किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# प्रतिभावान खिलाड़ी आर्यन को विधायक ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आईपीएल की तर्ज पर मध्यप्रदेश में शुरू हुई एमपी लीग टी-20 में जबलपुर की टीम में सदर बैतूल के प्रतिभावान खिलाड़ी आर्यन देशमुख का चयन हुआ था। जबलपुर टीम से खेलते हुए आर्यन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फायनल मैच में भोपाल की टीम को पराजित करनें में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। बैतूल जिले का नाम रौशन करनें वाले प्रतिभावान खिलाड़ी आर्यन देशमुख को बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल नें शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।

### ऑल राउण्डर खिलाड़ी है आर्यन

एमपी लीग टी-20 में जबलपुर की टीम से खेलकर फायनल मैच जीतनें के बाद प्रतिभावान खिलाड़ी आर्यन नें मंगलवार सुबह अपने पिता पटवारी राजू देशमुख एवं साथी खिलाड़ियों के साथ बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल के निवास पर पहुचकर उनसे मुलाकात की। बैतूल विधायक नें उत्कृष्ट सफलता हासिल कर प्रतिभावान खिलाड़ी आर्यन को सम्मानित किया। बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल के साथ चर्चा के दौरान आर्यन नें बताया कि वे ऑल राउण्डर खिलाड़ी है। अच्छी बेटिंग करनें के साथ वे फॉस्ट बालर भी है। आर्यन नें बताया कि एमपी लीग टी-20 में जबलपुर और भोपाल टीम के



बीच हुए फायनल मुकाबले में उन्होनें जबलपुर की टीम से खलते हुए 22 गेंदों में 36 रन बनाकर नॉट आउट रहे तथा एक विकेट भी लिया।बैतूल विधायक नें प्रतिभावान खिलाड़ी आर्यन को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। इस दौरान आर्यन के पिता पटवारी राजू देशमुख ,समाज सेवी पुनीत खण्डेलवाल,निखलेश चढ़ोकार,नितेश बांरगे,वरूण वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

#### प्रतिभाओं को आगे लाने कर रहे प्रयास हेमंत खंडेलवाल

बैतूल जिले का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ी आर्यन देशमुख से चर्चा के दौरान बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल नें कहा कि बैतूल जिलें में प्रतिभाओं के कमी नही है। यहाँ की प्रतिभाओं को आगे लाकर प्लेटफार्म उपलब्ध करवानें की जरूरत है। बैतूल विधायक नें कहा कि खेल सहित अन्य क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे लानें के लिए वे लगातार प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे आने में सुविधाएं बाधक नहीं बनेगी। अत्याधुनिक सुविधाओं के खेल मैदान सहित खेल से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं के लिए एक सुनियोजित रणनीति बनाकर काम किया जा रहा है।

---

# वेतन को तरसे सीखो कमाओ योजना के तहत रोजगार से लगे कई युवा

**कंपनियों ने दिया दो माह में नौकरी से निकालने का अल्टीमेटम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सैकड़ों युवाओं को दो माह के अंदर नौकरी से निकालने का कंपनी ने अल्टीमेटम दे दिया है। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से प्रशिक्षण लेते हुए काम करने वाले अनेक शिक्षित युवक वापस बेरोजगार होने की कगार पर पहुंच गए हैं।

सीखो कमाओ योजना के प्रशिक्षार्थी तीन माह से मानदेय को भी तरस गए हैं। हैरान परेशान कई युवाओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मंगलवार को भारतीय युवा समिति प्रदेशाध्यक्ष जनम सिंह परमार के नेतृत्व में जनसुनवाई में दौरान डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत और अम्बेडकर आईटीआई संस्थान के अधीक्षक को ज्ञापन दिया है।

मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के प्रशिक्षार्थियों ने बताया कि माह अप्रैल एवं मई का स्टायफंड का भुगतान कंपनी ने अबतक नहीं किया गया है। जिस कारण घर परिवार चलाना काफी मुश्किल हो गया है प्रशिक्षार्थी खर्च के पैसों को भी तरस गए हैं। स्वयं का पेट्रोल बाइक चलाकर नौकरी करने के लिए विवश हो रहे है इस के बाद भी कंपनी ने अगस्त माह से नौकरी से बाहर करने का अल्टीमेटम दे दिया है कंपनी के अधिकारियों का कहना है की कुल एक वर्ष के लिए हीं अनुबंध किया गया है।

प्रशिक्षार्थी जितेंद्र मालवीय ने कहा कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के प्रशिक्षार्थियों के साथ सरकार धोकाधड़ी कर रही है नियमित रोजगार देने का वादा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा किया गया था लेकिन अब चुनाव समाप्त होने के बाद ही योजना से जुड़कर बेरोजगारों को रोजगार देने वाली कंपनियां युवाओं को नौकरी से निकालने का अल्टीमेटम दे रही है। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के प्रशिक्षार्थी ने मार्च, अप्रैल, मई जून माह का स्टायफंड भुगतान कराने और योजना अंतर्गत रोजगार से लगे युवाओं को नौकरी से नहीं निकालने कंपनियों को आदेशित करने की मांग कलेक्टर से की है।

कल की बैठक में बजट को सहमति तो अन्य विषयों पर बगावत....

# विकास कार्य न होने पर पार्षदों ने जताई नाराजगी, बैठक कर दिया बहिष्कार

सोहागपुर नगर परिषद के गठन के दो वर्ष बाद भी विकास की आकांक्षा पाले तमाम नागरिकों को अध्यक्ष और पार्षदों के मध्य जारी गतिरोध से विकास की उम्मीद फिलहाल तो मझधार में अटकी हुई नजर आ रही है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर नगर में पिछले कई दिनों से नगर परिषद को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हैं। नगर परिषद के गठन के दो वर्ष बाद भी विकास की आकांक्षा पाले तमाम नागरिकों को अध्यक्ष और पार्षदों के मध्य जारी गतिरोध से विकास की उम्मीद फिलहाल तो मझधार में अटकी हुई नजर आ रही है। चर्चाओं के अनुसार अध्यक्ष और पार्षदों के बीच मनमुटाव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इस मनमुटाव के कारणो में कहीं ना कहीं जवाबदारो में अकड़ और महत्वाकांक्षा आपस में टकरा रही है। या फिर किसी एक पक्ष या फिर संभवतः दोनो पक्षों का कोई निजी स्वार्थ आड़े आ रहा होगा जिसके चलते पलकमती को सवारमती बनाने का स्वप्न अभी नींद में पकौड़े तल रहा है।

### आरोप प्रत्यारोप के चक्कर में विकास दलदल में

विकास कार्य की जवाबदारी के लिए चुने गए अध्यक्ष और पार्षदों के बीच खींचतान के बीच आम नागरिक परेशान हो रहा है। पार्षदों के अनुसार विकास के सभी कार्य अवरुद्ध है। सफाई अव्यवस्थित है, स्ट्रीट लाइट हर कहीं बन्द पड़ी हैं। कोई निर्माण कार्य नही हो रहे है तो वहीं पार्षदों ने अध्यक्ष की कार्य शैली पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए सिर्फ बजट पर स्वीकृति दी है अन्य विषयों पर अधिकांश पार्षदों ने अस्वीकृति देते हुए विकास के मानसून को चक्रवात में उलझा कर रखा है। तो वहीं सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार कुछ पार्षदों पर कमीशन खोरी ना मिलने की वजह से ये अड़चने व्यवधान उत्पन्न हो रहे हैं। इन सबके बीच में यही कहा जा सकता है कि आरोप प्रत्यारोप के चक्कर में विकास गहरे दलदल में फंसा हुआ नजर आ रहा है। सीएमओ जीएस राजपूत ने बताया पार्षद की बैठक में 2024 2025 की बजट आय व्यय वर्ष की स्वीकृति हुई है। अन्य जो 9 विषय रखे गए थे उन पर विरोध के चलते सहमति नहीं बनी है।सीएमओ के अनुसार अब पुनः बैठक बुलाई जाएगी। चर्चा के अभाव में बैठक के बहिष्कार के चलते नगर विकास अवरुद्ध हो रहा है अध्यक्ष और पार्षदों में कहीं ना कहीं गतिरोध है आपस में सहमति नहीं बन पा रही है।

### बजट पर सहमति अन्य पर पार्षदों को एतराज

नगर परिषद में 26 जून को दोबारा बैठक बुलाई गई थी जिसमें सभी पार्षद पहुंचे और उन्होंने आय व्यय बजट 2024- 25 पर सहमति जताई परंतु अन्य उपरोक्त 9 मुद्दों पर असहमति जताते हुए अपना विरोध दर्ज कराया और परिषद का बहिष्कार किया सवाल यह उठता है यदि सभी पार्षद नगर का विकास चाहते हैं तो उन्होंने निर्माणाधीन पलकमती नदी के घाटों, कॉलेज रोड पर बन रहे गेट, स्टेडियम में बन रही दुकान, पुराने बस स्टैंड पर निर्माणाधीन दुकान बनाने वाले ठेकेदारों के ठेके निरस्त क्यों नहीं करवाए। इन ठेकेदारों ने लापरवाही के चलते काम नहीं किया है। घटिया सामग्री का उपयोग कर रहा है वही नगर में साफ सफाई की स्थिति खराब है इसके लिए 40 नग कचरा हाथ गाड़ी खरीदना था इस पर तो सहमति बन सकती थी जनहित के कार्यों पर बहिष्कार नहीं होना चाहिए, जहां आपत्ति है उन्हें निरस्त करवाना चाहिए।

नगर परिषद में सब कुछ ठीक ठाक नही चल रहा है, ऊंट किस करवट बैठेगा ये अभी कुछ नही कहा जा सकता है लेकिन सोहागपुर का प्रबुद्धजन और विकासवादी मानसिकता का धनी व्यक्ति सोहागपुर नगर के विकास की बात करेगा और विकास के लिए लड़ेगा। कांग्रेस जहां एक ओर अपने पार्षदों की एकजुटता का राग अलाप रही हैं वहीं पार्षद धर्म दास की स्वीकृति और असहमति विपरीत दिशा में हवा बहा रही है।

### कांग्रेस ने अपना रुख किया साफ

कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल ने बताया कि इस मामले में 25 जून को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक बैठक हुई जिसमें नगर परिषद के पांचों पार्षद मौजूद थे इसमें निर्णय लिया गया था की नगर विकास के लिए आने वाले बजट पर सहमति देंगे परंतु मुद्दों पर विरोध करेंगे।हमारे पार्षदों ने जो बातों का विरोध किया कुल मिलाकर कमीशन का खेल है बीजेपी के पार्षद ही बीजेपी के अध्यक्ष का विरोध कर रहे हैं उनके बीच में सहमति नहीं है तालमेल सही नहीं है, अध्यक्ष अपने हिसाब से परिषद चलाना चाह रहे हैं। अन्य पार्षदों को सम्मान नहीं मिल रहा है। चुनाव से पूर्व कांग्रेस शासन में लिए गए निर्णय पर विचार नहीं हो रहा कांग्रेस के वार्डों में कार्य नहीं किये जा रहे हैं।

व्यवस्थापन जो राशि है उसका हंड्रेड परसेंट भुगतान हो रहा है कौन-कौन कर्मचारी किसके घर कम कर रहा है यह भी दिख रहा है पलक मति नदी का पैसा क्या हो रहा है? किसके पास है! हमारे सभी पार्षद विकास कार्य के लिए साथ हैं लेकिन जब तक अन्य मुद्दों पर चर्चा ना हो जाए हम समिति नहीं देंगे हमारे सभी पार्षद एकजुट हैं और साथ हैं। सुहागपुर की जनता को यह जानने का अधिकार है की राशि का उपयोग कहां हो रहा है।

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संतोष मालवीय ने कहा विकास कार्य नहीं हो रहा निर्माण कार्य रुके हुए हैं स्थापना में 100% है 25 कर्मचारी फालतू लगा लिए गए हैं जिनका कोई काम नहीं है पूरा पैसा वेतन में चला जाता है। नगर पालिका का ऑडिट 4 वर्षों से नहीं हुआ। प्रशासक काल में ज्यादा गड़बड़ी हुई अध्यक्ष कोई काम करना नहीं चाहते जिन एजेंसियों को काम दिया है वह 25 परसेंट बिलों में दिया है इसलिए एजेंसी काम नहीं कर रही काम करना अध्यक्ष और सीएमओ का काम है। ठेकेदारों पर कम रेट पर पर काम नहीं देना था बगैर सोचे समझे 20-20 परसेंट ब्लू पर काम दिए हैं नगर विकास के लिए हमारे पार्षद बीजेपी के पार्षदों के साथ हैं इस मामले में सब एकमत है। नगर विकास ही हमारी प्राथमिकता है परिषद के गठन के बाद ही सभी वार्डों में रोड निर्माण, नाली निर्माण, पलक मती घाटों का निर्माण, बस स्टैंड की दुकान, स्टेडियम की दुकान, तिलक वार्ड घाट निर्माण, सहित दर्जनों कार्य प्रारंभ कर दिए थे यदि पार्षदों को कोई आपत्ति है और वास्तव में नगर विकास चाहते हैं तो हम परिषद की बैठक में चर्चा करने ही बुला रहे थे परंतु कोई भी बात करने को तैयार नहीं है हम तो हमेशा बातचीत के लिए तैयार हैं। बैठकर अपनी बात रखें उनका पूरा सम्मान पहले भी रखा गया बाद में भी रखा जाएगा कांग्रेस झूठा आरोप लगा रही है।

# सालों से बंद सिविल अस्पताल में लगे सोलर सिस्टम, हुए दस लाख ख़र्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी




सोलर सिस्टम का उपयोग कर बिजली बचाने के वादे तो किये जा रहे है, लेकिन इसकी जमीनी हकीकत उलट है। इटारसी के सरकारी अस्पताल में सोलर सिस्टम कबाड़ हो रहा है। अब रोगी कल्याण समिति नये सिरे से सोलर सिस्टम के लिए उर्जा विकास निगम से पत्रचार कर रही है।

केंद्र और राज्य सरकार सोलर ऊर्जा को महत्व देकर बिजली बचाने के अलग अलग उपाए कर रही है, लेकिन इसकी जमीनी हकीकत इटारसी शहर में कुछ उलट है। यहां के सरकारी अस्पताल में दस लाख रुपए से सोलर सिस्टम आठ साल पहले लगाया गया था, जो अब बंद पड़ा हैं। यह सोलर सिस्टम अस्पताल भवन की छत पर लगाया गया है। सोलर सिस्टम स्थापना के बाद सिर्फ दो साल ही चल पाया था। वैसे तो सोलर ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की बातें तो बहुत होती हैं, पर जमीनी हकीकत अलग होती है। इटारसी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरकारी अस्पताल में आठ साल से से सोलर सिस्टम पुराने भवन में बंद पड़ा है। इधर नए भवन में सोलर सिस्टम नहीं है। सोलर सिस्टम रहता, तो अस्पताल की लाखों रुपए की बिजली हर माह बच सकती है। फिलहाल बिजली चली जाने पर अस्पताल में दो जनरेटर के भरोसे कामकाज होता है। वार्डों में मरीज गर्मी से बेहाल हो जाते हैं।

### 2014 में लगाया गया था सिस्टम

प्रदेश सरकार ने 2014 में नई ऊर्जा नीति के अंतर्गत सभी सरकारी भवनों में सोलर सिस्टम लगाने का प्रावधान किया, ताकि बिजली का दुरुपयोग रुक सके। इसे लगाने का जिम्मा मप्र ऊर्जा विकास निगम को दिया गया था। उस दौरान लगभग 10 लाख रुपए खर्च कर अस्पताल के पुराने भवन की छत पर सोलर प्लेट लगाकर इसे सिस्टम से जोड़ा गया। शुरू में यह सोलर सिस्टम करीबन दो साल तक ठीकठाक चला। मेंटनेंस नहीं होने से यह सिस्टम खराब होने लगा। बताया जाता है कि 2016 से लगभग यह सिस्टम खराब हो गया।

### उपकरणों को मरम्मत की दरकार है

भवन की छत पर लगी सभी सोलर प्लेटें खराब हो चुकी हैं। वहीं सिस्टम को चलाने वाले उपकरण भी अब कंडम हो चुके हैं। अस्पताल भवन की छत पर लगा सोलर सिस्टम अब शोपीस बनकर रह गया। मामले में तत्कालीन अधीक्षक डॉ एके शिवानी ने इसे सुधरवाने कई बार विभागीय स्तर पर पत्राचार किया था, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। वर्तमान अधीक्षक डॉ आरके चौधरी भी लगातार पत्राचार कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला। नए और पुराने भवन का बिजली खर्च बढ़ा- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल के नए और पुराने भवन का बिजली व्यय बढ़ गया है। 2018 से पहले केवल पुराना भवन था, तब बिजली बिल 10 लाख रुपए के करीब आता है। अब नए भवन के शुरू होने से यह व्यय बढ़कर लगभग 15 लाख रुपए तक पहुंच गया है। सोलर सिस्टम के अभाव में यह बिजली अपव्यय बढ़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन इसे कम करने की कवायद में जुटा है।

### सभी बैटरी हुई खराब

विधायक प्रतिनिधि रोकस, भरत वर्म का कहना है कि पहले शासन ने अस्पताल में सोलर सिस्टम लगवाया था। उसकी सारी बैटरी खराब हो गयी हैं। इसे ठीक कराने में ज्यादा खर्च होने के कारण अब नये सिरे से उर्जा विकास निगम से पत्राचार किया जा रहा है।

## बिजली की समस्या से परेशान नगर के लिए कांग्रेस करेगी आंदोलन

**इटारसी।** शहर में बिजली की समस्या को हल कराने लेकर कांग्रेस आज 27 जून को आंदोलन करेगी। इस समय शहर का लगभग हर हिस्सा बिजली के संकट से ग्रस्त है। कभी मेंटेनेंस के नाम पर तो कभी फाल्ट के नाम पर घंटों कई जगह बिजली नहीं मिल रही है। गर्मी में लोगों को काफी परेशानी हो रही है, बीमार, बुजुर्ग बच्चे बिजली नहीं मिलने से सर्वाधिक परेशान हैं। बाजार में बिजली आधारित कामकाज खासा प्रभावित हो रही है, उस पर बिजली कंपनी के अधिकारी किसी को संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं। इन सारी परेशानियों से विभाग के आला अधिकारियों को अवगत कराने आज 27 जून, गुरुवार को सुबह 11 बजे नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस आंदोलन करेगी और विभाग से समस्या के निराकरण की मांग की जाएगी। नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने कहा कि शहर में बहुत समय से बिजली की समस्या देखी जा रही है। बेवजह, बिना बताये, बिजली की कटौती कर दी जाती है। बार-बार मेन्टेनेंस के बाद भी जरा सी हवा पानी में बिजली गुल कर दी जाती है। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में आवाज उठाना जरूरी हो गया है। हम सभी कांग्रेसी कल एमपीईबी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराएंगे। उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ही शहर के जागरूक नागरिकों से भी निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में इस आंदोलन में शामिल होकर जनहित में अपनी आवाज बुलंद करें।

# स्कूली बच्चों को दिया जा रहा नशामुक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

थाना पचमढ़ी शहर के सीएम राइज़ विद्यालय पचमढ़ी के छात्र एवं छात्राओं को थाना पचमढ़ी स्टाफ प्रधान आरक्षक सौरभ तोमर हमराह स्टाफ के एवं शहर के भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पवन झा जी एवं पूर्व पार्षद सुनील कोरी के द्वारा बच्चों को नशा मुक्ति अभियान के तहत बच्चों को नसों से कैसे दूर रहें एवं नशा के सेवन से दूर रहें इस सम्बन्ध मे समझाइए दी गई।

# सहायक शिक्षकों का सेवा सत्यापन शिविर प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम एवं जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदा पुरम के निर्देश अनुसार विकासखंड सिवनी मालवा में 377 प्राथमिक शिक्षक तथा 83 सहायक शिक्षकों का प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा सत्यापन किया जाना है शिविर के प्रथम दिवस संकुल हिरण खेड़ा, खपरिया तथा चतर खेड़ा के शिक्षकों का सेवा सत्यापन किया गया सेवा सत्यापन नोडल अधिकारी सुरेश कुमार धनवारे तथा सत्यापन कर्ताअधिकारी एस०के० पाटिल ने बताया कि शिविर में प्राथमिक शिक्षक एवं सहायक शिक्षकों की सेवा पुस्तिका के अनुसार प्रथम नियुक्ति दिनांक से ही सूक्ष्मता से जांच करके फीडिंग का कार्य किया जा रहा है।

## कृषि कार्यालय में किसानों के लिए बीज उपलब्ध

**पिपरिया** वरिष्ठ कृषि विकास कार्यालय में विष्णु प्रसाद उई के कृषि विस्तार अधिकारी ने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निराली आर्य के निर्देश अनुसार बताया कि कार्यालय में किसानों के लिए शासन स्तर पर धान का बीज क्रांति जे आर 206 सीओ 51 एमटीयू 1156 मक्का डी एच एम 121 ज्वार सी एस एच 41 सोयाबीन राज सोया 1824 जे एस 20/116 धान मक्का ज्वार बीज ग्राम योजना में उपलब्ध है एक किसान को 30 किलो ही मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत सब्सिडी काट कर ही बीज दिया जा रहा है तूअर एवं सोयाबीन की सब्सिडी किसान के खाते में ही जमा की जावेगी। सभी किसानों के लिए आधार कार्ड बैंक खाता खसरा रखवा की नकल फोटो सहित दस्तावेज लेकर कार्यालय में आवेदन के साथ उपस्थित होना है। उन्होंने बताया कि किसान सुविधा का लाभ लें।

# सेवा सप्ताह के अंतर्गत निःशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा



29 जून निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर दवा वितरण संत रविदास मंदिर 28 जून वृक्षारोपण टैगोर पब्लिक स्कूल श्री राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर में सिवनी मालवा= विश्व हिंदू परिषद के यूवा आयाम बजरंग दल सेवा सप्ताह अंतर्गत आज नगर के मंदिरों चबूतरों की बजरंगियों ने अभियान चलाकर की साफ सफाई। उक्त जानकारी देते हुए बजरंग दल नगर संयोजक भुरू बग्गन ने बताया कि समूचे देश भर बजरंग दल 24 जून से 30 जून तक सेवा सप्ताह मनाकर सेवा कार्य किया जा रहा है इसी श्रृंखला में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री शिव राठौर के मार्गदर्शन एवं जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी जिला सह मंत्री सनुप सिंह यदुवंशी की उपस्थिति में कार्यकर्ताओ नगर के पुराने थाने के पिछे स्थित श्री हनुमान मंदिर. शक्ति धाम. चबूतरों गांधी चौक स्थित श्री जगदीश स्वामी मंदिर की झाड़ु लगाकर कचरा एकत्र कर पानी से धुलाई पुछाई एवं साफ सफाई कर नागरिकों को सेवा का संकल्प दिलाया गया कार्यक्रम में विभाग मंत्री शिव राठौर ने कहा की बजरंग दल हिंदू युवा तरुणाई में अनुशासन के सबल राष्ट धर्म की रक्षा के लिए खड़ा होना सिखाता वही समय समय सेवा कार्य चलाकर नर सेवा नारायण सेवा के भाव के साथ समाज की सेवा के लिए तत्पर खड़ा रहता है बजरंग दल 27 जून दोपहर 3 बजे से राठौर धर्मशाला में निशुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर एवं परामर्श और 29 जून को दोपहर 3 बजे से संत रविदास मंदिर होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर दवा वितरण कार्य किया जायेगा।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

# नीट परीक्षा में गड़बड़ी पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया




अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विभिन्न शाखा के पदाधिकारी के द्वारा देश के राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी संतोष तिवारी को ज्ञापन सोपा जिसमें कहा गया है कि समाचार पत्रों एवं न्यूज़ चैनल में प्रतिदिन नीट परीक्षा पेपर लीक होने की खबरों को लेकर छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ बड़ा खिलवाड़ किया गया है देश में लगभग 24 लाख छात्र छात्र परीक्षा में शामिल हुए। नीट यूजी परीक्षा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों के द्वारा छात्र-छात्राओं के भविष्य खिलवाड़ किया गया है जिसमें अधिकारी कर्मचारी परीक्षा प्रबंधन की मिली भगत से लीक हुआ है। विगत वर्षों में भी इस तरह से अन्य राज्यों में भी पेपर लीक हो चुके हैं जिस कारण से देश भर में लगभग करोड़ की संख्या में छात्र-छात्र प्रभावित हुए हैं। इसमें संलग्न अधिकारी कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई होना चाहिए और ऐसे अपराधों पर रोक लगना चाहिए तथा ऐसी परीक्षाओं को रद्द करके उन्हें निष्पक्ष परीक्षा कराई जावे सीबीआई जांच के साथ सर्वजनिक सांसदी कमेटी बनवाकर जांच कराई जावे इसलिए वह आंदोलन करेंगे शासन प्रशासन ने कांग्रेस की मांगों को यदि ध्यान नहीं दिया तो भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन युवक कांग्रेस सभी लोग छात्र-छात्राओं के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे ज्ञापन सौंपने वालों में आरिफ खान अभिषेक विश्वकर्मा केसर पटेल मोहित कर प्रशांत पालीवाल राधे पटेल कमलेश साहू विक्रम वेद सीताराम सिलावट हरीश बेमन सुधा सलावत धर्मेंद्र नागवंशी राधेश्याम ठाकरे दिनेश मोर अरुण ठाकुर सहितलगभग दो दर्जन कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले में जारी एक पेड़ मां के नाम अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

भारतीय जनता पार्टी एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुसार 23 जून से 6 जुलाई तक चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया जा रहा है। अभियान के जिला प्रभारी मुकेश चंद्र मैना ने बताया कि बुधवार को नर्मदापुरम नगर मंडल के नर्मदा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष नीतू यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, जिला सह संयोजक सोशल मीडिया राहुल सिंह ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना पुरोहित, नमामि देवी जिला संयोजक वंदना दुबे, युवा मोर्चा महामंत्री दुर्गेश मिश्रा, मंडल अभियान प्रभारी नीरजा फौजदार, सह प्रभारी एवं पार्षद बिंदिया मांझी, सुजयबाला निगम, विक्की राठौर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में फेल होने पर जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**पिपरिया।** जनपद पंचायत कार्यालय की अध्यक्ष संध्या सिंघाड़ेकी सबसे छोटी बहन एवं ग्राम पंचायत ठूंठा दहलवाडा के सरपंच दिलीप सिंह सिंगारे की तीसरे नंबर की पुत्री सरस्वती सिंगारे जिन्होंने की कक्षा दसवीं में बोर्ड की परीक्षा दी थी लेकिन वह परीक्षा में सफल नहीं हो सकी जिसके कारण उन्होंने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। स्टेशन रोड थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिजनों के साथ खाना खाकर बिटिया अपने कमरे में सोने चली गई थी लेकिन सुबह जब उठाया गया तो कोई हलचल न होने से उन्हें संदेह हुआ और परिजनों ने जाकर देखा संदेह होने पर उन्होंने थाना प्रभारी को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा तैयार कर देखा पीएम रिपोर्ट के अनुसार तथा उनके पिता के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आत्महत्या का मामला सामने आया है अस्पताल पहुंच कर बिटिया को पीएम कराया गया पोस्टमार्टम के बाद परिवार जनों को सौंप दिया गया।

**कार्यालय जनपद पंचायत पिपरिया**
**जिला- निर्मदापुरम**

-: निविदा विज्ञप्ति :-

जनपद पंचायत पिपरिया में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह के आयोजन हेतु टेन्ट सामग्री, डीजे, स्पीकर सेट, फोटोग्राफी/ विडियोग्राफी एवं भोजन व्यवस्था हेतु मोहर बंद निविदाएं दिनांक 02.07.2024 को सायं 05.00 बजें तक जनपद पंचायत पिपरिया में आमंत्रित की जाती हैं एवं दिनांक 03.07.2024 को शाम 04.00 बजें निविदाकर्ताओं के समक्ष निविदा खोली जावेगी। निविदा टेन्ट, डीजे/स्पीकर, फोटोग्राफी/ विडियों, एवं भोजन हेतु पृथक-पृथक ली जावेगी। निविदा पत्र के साथ टेंट/ भोजन हेतु 10000/- दस हजार रुपयें राशि का बैंक ड्राफ्ट/ नगद मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पिपरिया के नाम संलग्न करना अनिवार्य होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपंद पंचायत पिपरिया

## खबर संक्षेप

### 24 घंटों में जिले में 15.3 मि.मी. औसत वर्षा हुई

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 15.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 36.6 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 7.2 मि.मी., रहटगांव में 33 मि.मी. व सिराली में 0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 76.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 150.2 मि.मी., टिमरनी में 49.6 मि.मी, खिरकिया में 31.2 मि.मी., रहटगांव में 124.4 मि.मी. व सिराली में 88.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 26 जून तक 67 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के 12 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने वृत हरदा के ग्राम बैरागढ़, खेड़ीपुरा व झुण्डगांव, वृत टिमरनी के ग्राम पानतलाई, आलनपुर, खमगांव, सतपुड़ा ढाबा रहटगांव व शिवा ढाबा रहटगांव तथा वृत खिरकिया के ग्राम आमाखाल, पिपल्या, सिराली, रामटेक रैयत में दबिश दी। दबिश के दौरान 51 पाव देशी मदिरा प्लेन, 5 बीयर, 15 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 580 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर 12 प्रकरण दर्ज किये।

### विशिष्ट संस्थाओं में प्रवेश के लिए आवेदन 15 जुलाई तक आमंत्रित

**खंडवा।** जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विशिष्ट संस्था कन्या शिक्षा परिसर खेड़ी, रजूर एवं आशापुर (जामनी गुर्जर) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति की छात्राएं संबंधित संस्था से निर्धारित प्रारूप में आवेदन 15 जुलाई तक प्राप्त कर सकते हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आशा चौहान ने बताया कि रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए परीक्षा 21 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन 15 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेशित विद्यार्थियों को संस्था में आवास, भोजन, पोषण आहार, पाठ्य पुस्तक, गणवेश आदि सभी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाएगी। प्रवेश के लिए एमपी टॉस जनजातीय विभाग के पोर्टल पर आवेदक का हितग्राही प्रोफाईल पंजीकरण होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु आवेदन संबंधित संस्था के प्राचार्य से प्राप्त कर वहीं जमा किए जा सकते हैं। आवेदक का चयन परीक्षा में उत्तीर्ण अंकों के आधार पर तैयार मेरिट सूची के आधार पर होगा। आवेदन के साथ विगत कक्षा की अंकसूची की छायाप्रति, स्थायी जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य है।

### केंद्रीय संयुक्त सचिव ने किया पार्क का निरीक्षण

**सीहोर।** इछावर विखं के भाऊ खेड़ी में मनरेगा आजीविका पार्क का केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव चरणजीत सिंह ने निरीक्षण किया।

---

### वन विभाग की टीम ने जेसीबी से तीन टपरियां तोड़ी

5 हेक्टेयर एरिया में अतिक्रमण का प्रयास

# सोनुद में अतिक्रमण की जमीन पर चल रही थी बोवनी की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

सोनुद की बीट नंबर 321 में बुधवार को कुछ अतिक्रमणकारियों ने वन भूमि पर कब्जा कर करीब 5 हेक्टेयर एरिया में बोवनी की तैयारी कर रखी थी। वन विभाग को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और अतिक्रमणकारियों के प्रयास विफल कर जेसीबी से तीन आधी अधुरी टपरियां तोड़ी गई। जेसीबी से खंती भी खुदवा दी गई ताकि दोबारा यहां अतिक्रमण न हो पाए। वन विभाग बुरहानपुर एसडीओ अजय सागर ने बताया सोनुद में अतिक्रमणकारियों द्वारा 5 हेक्टेयर एरिया में नया अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी खकनार सचिन सिंह अमले के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमित एरिया में जेसीबी से खंती खुदवाई गई। वन भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई। मौके पर अतिक्रमणकारी बीज बुआई की तैयारी में थी।

#### लोगों ने जताया आक्रोश

वन अफसरों के अनुसार कार्रवाई के दौरान करीब 20-25 अतिक्रमणकारियों ने यहां पहुंचकर काम में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन वन विभाग की टीम ने उन्हें सख्ती से समझाया। मौके पर अतिक्रमित एरिया में बने 3 आधे अधुरे टपरों को तोड़ा गया। जिन्हें पिछली रात ही बनाने का प्रयास किया गया था। वन विभाग ने कार्रवाई के दौरान अपात्र वन अधिकार दावा धारकों को वन भूमि खाली करने के नोटिस भी तामील कराए। एसडीओ अजय सागर ने कहा अतिक्रमणकारी इसी मौसम में अतिक्रमण करने का प्रयास करते हैं। इसलिए यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## सोशल मीडिया पर कमेंट्स के बाद दो पक्षों में विवाद

■ पुलिस ने 13 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया, 8 गिरफ्तार

**बुरहानपुर।** खकनार थाना क्षेत्र के ग्राम सिरपुर में सोशल मीडिया पर एक नाबालिक द्वारा डाली गई स्टोरी के बाद किए गए कमेंट्स से वाद विवाद की स्थिति बनी। करीब 12-13 लोगों ने मिलकर कुछ लोगों के साथ मारपीट की। जिसमें चार लोगों को चोंटें आई। मामला मंगलवार रात का है। पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आठ लोगों की गिरफ्तारी भी कर ली है। मारपीट की घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बुरहानपुर एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार ने बताया मामला खकनार थाना क्षेत्र के सिरपुर का है। एक नाबालिक ने इंस्टा पर स्टोरी अपलोड की। इस पर दूसरे पक्ष के युवक ने कमेंट्स किया था। दोनों बाद में बाजार में आए तो उनके बीच धक्कामुक्की हुई थी। इसके बाद 10-12 लोगों ने लाठी, डंडों से हमला कर मारपीट की। जिसमें 4 लोगों को चोट आई। पुलिस 13 लोगों पर धारा 307 सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने कहा जो भी कानून हाथ में लेगा तो उसके खिलाफ सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पुलिस ने गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है था।



## बुलेट से निकालते थे पटाखे की आवाज, पुलिस ने निकलवाए मॉडिफाई साइलेंसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बुलेट के साइलेंसर को मॉडिफाई कर तेज आवाज व पटाके की आवाज निकालने वाले चालकों के खिलाफ शहर के वरिष्ठ जन-प्रतिनिधियों से लगातार शिकायत मिल रही थी। जिन पर नकेल कसने के लिए एसपी अभिनव चौकसे के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। जिसके तहत यातायात प्रभारी संदीप सुनेश द्वारा अपने थाना यातायात के अधिकारी कर्मचारियों की 6 टीम बनाकर शहर के प्रमुख चौराहों पर तैनात किया गया। जिनके ओर से शहर में चल रही 40 से अधिक बुलेट को थाना यातायात लाया गया। जिनके साइलेंसरों का साउंड लेवल मीटर मशीन से परिक्षण कराया गया। जिनमें से कुल 11 बुलेटों के साइलेंसर अमानक पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई व पटाके की आवाज निकालने वाले 6 साइलेंसर जब्त किए गए। थाना यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 37 चालकों पर चालान कर 14900 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने बताया कि शहर में बुलेट से पटाके की आवाज निकालते हुए शहर की गलियों से निकलने वाले चालकों के खिलाफ लगातार शिकायत मिल रही थी। जिनमें वृद्ध जनों को अचानक से फटाके की आवाज आने पर मानसिक और अन्य शारीरिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिससे थाना यातायात को अभियान चालाने के लिए निर्देशित किया गया है।

---

जीर्णोद्धार करने के लिए प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश

## जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद की बैठक आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने पर्यटन एवं धर्मस्व विभाग से रिद्धनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करने के लिए प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिये। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुमार शानु देवड़िया, जिला प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर, जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके, अशोक जैन, प्रभुशंकर शुक्ल, देवेन्द्र दुआ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे। बैठक में बताया कि हंडिया में रिद्धनाथ मंदिर, जोगा का किला व तेली की सराय, तेहसील सिराली में मकड़ाई किला, तहसील खिरकिया में चारूवा स्थित गुप्तेश्वर मंदिर, तहसील रहटगांव में गोराखाल व मुर्गी घाटी का मंदिर तथा तहसील टिमरनी में गोंदागांव गंगेश्वरी मठ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि इन स्थलों को प्राथमिकता क्रम में सूचीबद्ध कर विकास की कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि हंडिया स्थित नर्मदा नदी के नाभिकुण्ड के सौन्दर्यीकरण की कार्ययोजना तैयार की जाए।

## अज्ञात आरोपियों पर 1-1 हजार रुपए का इनाम घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने 2 अलग-अलग प्रकरणों में फरार अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 1-1 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की है। उन्होंने थाना टिमरनी के अपराध क्रमांक 189/24 धारा 457, 380 भादवि में फरार आरापियों की गिरफ्तारी के लिए 1 हजार रुपए व प्रकरण क्रमांक 190/24 धारा 457, 380 भादवि में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 1 हजार रुपए की इनाम की घोषणा की है। इनाम की राशि उस व्यक्ति को दी जाएगी जो कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिये जरूरी सूचना पुलिस को देगा। इनाम के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक का होगा। सूचनाकर्ता का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा। इसी तरह पुलिस अधीक्षक ने थाना रहटगांव के अपराध क्रमांक 36/2020 में गुमशुदा इंसान रामनिवास पिता शिवचरण काकोड़िया उम्र 23 वर्ष निवासी घाना थाना शिवपुर जिला नर्मदापुरम् की तलाश पतारसी के लिये 1 हजार रूपये की घोषणा की है। इनाम की यह राशि उस व्यक्ति को दी जाएगी जो कि गुम इंसान की दस्तयाबी के लिए जरूरी सूचना पुलिस को देगा।

## राशि नहीं मिलने से नाराज युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, उपचार जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बुधवार सुबह जिला मुख्यालय की एक प्राइवेट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के ऑफिस में एक युवक ने जहरीली दवाई का सेवन कर सुसाइड की कोशिश की। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया है। टिमरनी के रहने वाले बलराम ने शहर के परशुराम चौक के पास एक बिल्डिंग में संचालित सुप्रीम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में मकान बनाने के लिए लोन का चार पांच महीने पहले एप्लाई किया था। जिसे बैंक ने तीन लाख 84 हजार का लोन पास कर दिया था, लेकिन उसके बाद भी उसे मकान बनाने के लिए पहली किश्त की राशि नहीं दी जा रही थी। इसी बात से परेशान होकर उसने बैंक के ऑफिस में आकर युवक ने खुदकुशी की कोशिश की। पीड़ित युवक ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसने बैंक से मांगे जाने वाले सभी कागज़ात जमा करा दिए गए थे। बैंक के कर्मचारियों ने उन्हें अपने पैसों से मकान की प्लिंथ बनाने को कहा गया था जो उसके द्वारा जान पहचान के लोगों से रुपया उधार लेकर बना लिया था, लेकिन तीन महीने बाद भी बैंक वाले उसकी पहली किश्त जारी नहीं कर रहे थे। वहीं जब उसने प्लाट बेचने के लिए उधारी चुकाने को लेकर बैंक में जमा दस्तावेज वापस मांगे तो उससे 50 हजार रुपए जमा कराने को कहा गया। इसी बात से परेशान होकर उसने यह कदम उठा लिया। उसने कहा कि बीएम भी दो चार दिनों में किश्त डालने का बोल रहे हैं लेकिन अभी तक एक रुपया भी उनके खाते में नहीं डाला है। फाइनेंस कंपनी के मैनेजर शैतान सिंह धनगर ने बताया कि संबंधित व्यक्ति को प्लिंथ बनाने के बाद राशि डालने का बैंक के नियम अनुसार कहा गया था। साथ ही उन्हें ग्यारेंटर के लिए अपने पिता के साइन कराने के लिए कहा गया था, लेकिन उनके द्वारा पिता से गारंटी पेपर पर साइन नहीं कराए गए। आज बैंक में आकर उन्होंने हंगामा कर जेब में रखी जहरीली दवाई का सेवन कर लिया। जब उन्हें अस्पताल लाने का प्रयास किया गया तो वह आने को तैयार नहीं हुए, जिसके बाद हंड्रेड डायल पर फोन लगाकर उन्हें तत्काल अस्पताल भेजा गया है।

## सेंट्रल रेलवे ईसीसी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी प्रतिनिधि के चुनाव के लिए मतदान हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

सेंट्रल रेलवे ईसीसी को.ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी खंडवा प्रतिनिधि के चुनाव के लिए मतदान बुधवार सुबह 7 बजे से बुरहानपुर में हुआ। मतदान प्रक्रिया शाम 6 बजे तक चली। यह एशिया की सोसायटी है जिसका वार्षिक टर्नओवर करीब 3870 करोड़ है। यह चुनाव सोसायटी प्रतिनिधि खंडवा क्षेत्र का हो रहा है। इसमें कुल 7 उम्मीदवार मैदान में हैं जिसमें नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन और ऑल इंडिया एससी, एसटी रेलवे एम्प्लाइज एसोसिएशन के संयुक्त उम्मीदवार भी खड़े हुए हैं। इनमें पुष्पेंद्र कापड़े मुख्य कार्यालय अधीक्षक, महेंद्र भार्गव मुख्य पार्सल लिपिक, वर्षा बोरकर मुख्य नर्सिंग अधीक्षक सहित 4 अन्य उम्मीदवार नरेंद्र अग्रवाल डिप्टी एसएस खंडवा, रजित नायर टीसी, राम जीवन ट्रैकमैन और एक उम्मीदवार ट्रैकमैन यूनियन का भी है।

**7 उम्मीदवार मैदान में रहे, आज शाम घोषित होंगे परिणाम**

खंडवा प्रतिनिधि के लिए 998 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदाता के बतौर दुस्खेड़ा रेलवे स्टेशन से खंडवा तक के रेलवे कर्मचारी शामिल हैं। 500 कर्मचारी बुरहानपुर क्षेत्र के हैं जबकि अन्य खंडवा के है। चुनाव के लिए मतदान सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्यालय साउथ में हुआ। इसका परिणाम गुरूवार शाम 7 बजे भुसावल महराष्ट्र में घोषित होगा।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन जिला हरदा द्वारा आयुषमान योजना का लाभ एवं पेंशनरों की जिला फोरम की बैठक के लिए ज्ञापन दिया। आयुषमान योजना के तहत मिलने बाली सुविधा के तहत जिला आयुषमान अधिकारी के कार्यालय में जाकर सेवानिवृत पेंशनरो को मिलने वाली निशुल्क दवाइयां देने बावत ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने पर जिला आयुष अधिकारी से चर्चा के दौरान बताया गया कि शासकीय चिकित्सालय में जाकर निशुल्क प्राप्त कर सकते है। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय में जाकर पेंशन अधिकारी को पेंशन फोरम बैठक प्रति तीन माह में राज्य शासन के आदेशानुसार होने वाली बैठक जिसमे पेंशनरो की समस्याओ के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देते समय -प्रदेश मिडिया प्रभारी आरबी सगर, संभागीय अध्यक्ष जीआर. गौर, जिला अध्यक्ष पीसी पोर्ते, एचआर मंडरई, रमेश मर्सकोले, ब्लाक अध्यक्ष शैलेन्द्र बाँके उपाध्यक्ष मौजूद रहे।

## दो अलग-अलग घटनाओं में 2 की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** रहटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम छीरपूरा में बुधवार सुबह एक युवक का शव नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। युवक की पहचान ग्राम झाड़बिड़ा के रहने वाले नारायण सिंह के रूप हुआ है। ग्रामीणों ने सुबह गांव से कुछ दूरी पर एक युवक का शव लटका होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर मृतक की पहचान की। जिसमें पता चला है कि वह अपने ससुराल आया हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए टिमरनी भिजवाया है। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उनका बेटा अपने ससुराल आया हुआ था, जहां बीती रात को किसी बात को लेकर उसका विवाद हुआ था।

#### इधर अधेड़ ने की आत्महत्या

उधर थाना क्षेत्र के ग्राम नकवाड़ा में भी बुधवार सुबह हरदा मगरधा रोड पर रहने वाले नरेंद्र पटेल(50) साल ने भी फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी है। बताया जा रहा है कि नरेंद्र की बेटियों का विवाह होने के बाद वह अकेला रहता था।

**न्यायालय दशम अपर जिला न्यायधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी श्री अनिवनाश त्रिपाठी)
**समंस**
(अंतर्गत आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
पक्षकार- : प्रवीण कुमार जाधव विरूद्ध विजया डेवरिल व अन्य
सिविल अपील क्रमांक 57 -अ / 2023
श्रवण तिथी 22.07.2024
प्रति, 1. श्रीमती विजया डेवरिल पति जे. डेवरिल मराठा वार्ड बैतूल ( मध्यप्रदेश ) 2. पुष्कर गायकवाड पिता एबनिजर गायकवाड मिशन कंपाउण्ड जबलपुर (म.प्र.) 3. मधुकर गायकवाड पिता एबनिजर गायकवाड सिविल लाईन औरंगाबाद (महाराष्ट्र) 4. श्रीमती पुष्पलता सिंघे पति आर सिंधे 7-डे मिशन कंपाउन्ड मुम्बई (महाराष्ट्र) 5. श्रीमती शान्ति उर्फ सरला गायकवाड पुलिस लाईन मसानगंज बिलासपुर (छ.ग.) 6. राजू गायकवाड पिता दिवाकर गायकवाड - पुलिस लाईन मसानगंज बिलासपुर (छ.ग.) 7. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला अध्यक्ष बिलासपुर (छ.ग.)
उत्तरवादीगण को इस समाचार पत्र मे प्रकाशित समंस के माध्यम से सूचित किया जाता है, इस न्यायालय के समक्ष अपीलार्थी के द्वारा एक अपील न्यायालय श्रीमान षष्ठम व्यवहार न्यायधीश वर्ग -2 बिलासपुर द्वारा व्यवहार प्रकरण कमॉक 61 अ/2020 प्रवीण कुमार जाधव विरूद्ध विजया डेवरिल व अन्य मे घोषित निर्णय व डिकी दिनॉक 22.08.2023 के विरुद्ध प्रस्तुत की गई है उक्त अपील में उत्तरवादीगण के रूप मे आपकी उपस्थिती हेतु नियत तिथी दिनॉक 22.07.2024 है। अत: उक्त सुनवाई तिथी पर आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रात: 11 बजे मेरे न्यायालय मे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिती की दशा मे आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही के आधार पर अपील की सुनवाई करते हुए निर्णय घोषित किया जावेगा।
यदि किसी कारण वश नियत तिथी 22.07.2024 को अवकाश हो जाता है, तो आगामी कार्यदिवस की तिथी नियत सुनवाई तिथी के रूप में मानी जावेगी।
आज दिनॉक 25.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
**अविनाश के त्रिपाठी**
**दशम अपर जिला न्यायालय**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

### 100 दिवसीय जागरूकता अभियान प्रारंभ

## पीसीपीएनडीटी कानून एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी देने जागरूकता शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा




कलेक्टर अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में महिला शक्ति केंद्र, वन स्टॉप सेंटर में महिला शिविर का आयोजन किया गया। वन स्टॉप केंद्र की प्रशासिका शीला सांवरे ने बताया कि महिला शक्ति केंद्र शिविर का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास, रोजगार, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य और पोषण के अवसरों के साथ सशक्त बनाकर महिलाओं की स्थिति को ऊपर उठना है।

इसी क्रम में 26 जून को डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन खंडवा के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं पीसीपीएनडीटी कानून की जानकारी देने के लिए लेडी बटलर खंडवा में शिविर आयोजित किया गया।

वन स्टॉप केंद्र की प्रशासिका सांवरे ने बताया कि शिविर में गर्भवती, धात्री एवं अन्य महिलाओं आदि को पी.सी.पी.एन.डी.टी. कानून की जानकारी दी गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य समझाते हुए सभी को लिंग परीक्षण न किए जाने एवं यदि कोई करता है तो उसको मिलने वाली सजा के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से भारत सरकार बच्चियों का लिंगानुपात बढ़ाकर बच्चियों को शिक्षित करके उनको स्वरोजगार एवं रोजगार में जोड़कर देश के सामाजिक आर्थिक विकास में महिलाओ की भूमिका सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। पीसीपीएनडीटी कानून के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बच्चों को स्कूल ड्रॉप आउट न होने दे, वन स्टॉप सेंटर एवं महिला संबंधी समस्त कानून, अधिकार, हेल्पलाइन नंबर आदि की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर पर यह शिविर 21 जून से 4 अक्टूबर तक 100 दिवसीय जागरूकता अभियान का प्रारंभ भारत सरकार द्वारा किया गया है।

### अध्यक्ष रामेश्वर कुशवाह और मंत्री शिवचरण को चुना

पंधाना मंडी में बैठक आयोजित

## पंधाना मंडी में भारतीय किसान संघ की कार्यकारिणी गठित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

भारतीय किसान संघ की बुधवार को पंधाना मंडी में बैठक आयोजित की गई, जिसमें किसान संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामेश्वर कुशवाह मोहनपुर और मंत्री शिवचरण गोंड गोराडिया को चुना गया। साथ ही छैगांव माखन के अध्यक्ष के रूप में दिनेश कुशवाह चमटी और मंत्री रघुनाथ पटेल सुरगांव को मनोनीत किया गया है। किसान संगठन के उपाध्यक्ष सुभाष पटेल ने बताया की इस बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष रेवाराम , प्रांत युवा वाहिनी संयोजक धर्मचंद गुजर, जिला अध्यक्ष राधेश्याम चाचरिया, जिला उपाध्यक्ष सुभाष पटेल, पंधाना के वरिष्ठ समाजसेवी चुनीलाल नेभनानी और किसान संघ के 100 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक के दौरान मंडी में पौधरोपण भी किया गया। नई कार्यकारिणी आने वाले तीन वर्षों तक संगठन का विस्तार करेगी और शासन-प्रशासन के सामने किसानों की मांग अपनी रीति-नीति के साथ रखेगी।